रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 436] नई दिल्ली, बुधवार, जनवरी 30, 2019/माघ 10, 1940
No. 436] NEW DELHI, WEDNESDAY, JANUARY 30, 2019/MAGHA 10, 1940

indiacode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 जनवरी, 2019

का.आ. 549(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 3574 (अ), तारीख 9 नवम्बर, 2017 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 10 नवम्बर, 2017 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए;

और, रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य 55.65 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और यह गुजरात राज्य के दहोद जिले के धनपुर तालुक में स्थित है;

और, रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य को 19 मार्च, 1982 से अभयारण्य की प्रास्थित प्रदान की गई थी। अभयारण्य का क्षेत्र गुजरात-मध्य प्रदेश सीमा पर गुजरात के पूर्वी भाग में स्थित है, इस क्षेत्र में मनोरम विंध्य पर्वत श्रृंखला का उत्तरी मुख्य भाग आता है। यह दक्षिण पूर्व में मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के वनों के साथ जुड़ा हुआ भू-भाग है और इसके उत्तर में बरिया वन प्रभाग का वन है;

और, रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर तथा आसपास मुख्य वनस्पति सागौन *(टेक्टोना ग्रांडिस)*, बांदरो*(लगेरस्टोइमेअ परवीफ्लोरा)*, सदद *(टरमिनेलीआ करेनुलाटा)*, तीमरू *(दीओसपयरोस मेलानोक्सीलोन)*, चोलीम्बो *(कसेअरीआ गरावेओलेंस)*, उम्भ *(मीलीयुसा टोमेंटोसा)*, धावदो *(अनोगेइस्ससूस लटीफोलिया)*, कलम *(मीटरागयना*

परवीफोलीआ), पतराली *(धालबेल्जिया पनीकुलाटा),* भूतजाद (*कस्सीना गलायका)* आदि पाई जाती हैं। रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य में मुख्य जीवजंतु तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रज्घूस*), रीछ (*मेलउर्सुस उर्सिनस*), नीलगाय और ब्लू बुल *(दोसेलाफुस टरागोकामेलुस),* चौसिंगा मृग *(टेटराकेरूस क्यादरीकोरनीस),* चित्तीदार लकड़बग्घा *(हैना हैना),*आदि अभिलिखित हैं। अभयारण्य की महत्त्वपूर्ण पक्षी प्रजातियां वाइल ग्रे फ्रैंकोलिन *(फरांकोलीनुस पोंदीकेरीयानुस),* रेड स्पुरफोवल *(गल्लोपेरदीक्स स्पादीकेया),* ग्रे जंगली मुर्गी (गल्लुस सोन्नाराटी*),* भारतीय मयूर *(पावो करीसटालुस)* हैं;

और, रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन का वन क्षेत्र जेनेटिक जैव विविधता वनस्पति और जीवजंतु दोनों की समृद्ध प्रजातियों से संपन्न है। इसकी प्राचीन सुंदरता और बंजर स्थलाकृति पर्यटन एकांत और शान्ति का बोध कराती है। यह भारत में पायी जाने वाली चार प्रजातियों में से एक रीछ (*मेलर्सस अरसिनस*) का वास है यह स्थान टिपिकल रीछ क्षेत्र है;

और, रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य और के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाऐं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गुजरात राज्य के रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर शून्य से 19.67 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं.-** (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर शून्य किलोमीटर (अंत:राज्य सीमा मध्य प्रदेश की ओर) से 19.67 किलोमीटर तक का क्षेत्र है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 241.50 वर्ग किलोमीटर है। (शून्य विस्तार मध्य प्रदेश के साथ अंत:राज्य सीमा की ओर है।)

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण और विस्तार **उपाबंध I क** और **उपाबंध I ख** के रूप में उपाबद्ध है ।

(3) भू-निर्देशांकों, भूमि उपयोग नमूने, उपग्रह चित्र और अवस्थान मानचित्र के साथ रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध-IIक, उपाबंध-IIख और उपाबंध-IIग** के रूप में उपाबद्ध है ।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध III** की सारणी क और ख के रूप में उपाबद्ध है।

(5) प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-IV** में दी गई है।

(6) रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के अधिकांश जनजाति भील हैं जिनमें वरिया, कोली, राठवा, मवी, भूरिया, दांगी, वखला, बरिया, परमार, तदवी, पावर, निनामा, नायक, धनका आदि उपजातियां पायी जाती हैं। रतनमहल के जनजातियों की उत्पत्ति मध्य प्रदेश से हुई है, जहां से ये 200 साल या इससे भी पहले रतनमहल वन के अंदरूनी भाग में आकर रहने लगे थे। इस अभयारण्य में आने वाले 3 ग्रामों में केवल जनजाति जनसंख्या है, जबकि सीमा पर स्थिति ग्रामों की जनसंख्या मिश्रित है। यहां सीमावर्ती ग्रामों में, अन्य जातियों के लोगों की संख्या अधिक है। जहां राजपूत और अन्य आर्थिक और सामाजिक रूप से उच्च जातियां अन्य मुख्य जातियां हैं। जनजाति मुख्य रूप से भील अभी भी अपनी उपजातियों के साथ

आदिम स्थिति में रहते हैं और उनमें से अधिकांश गरीबी रेखा से नीचे हैं। अच्छी स्कूली शिक्षा के अभाव के कारण, इनकी शिक्षा की स्थिति खराब है।

(7) जनजाति बड़े पैमाने पर कृषक और कृषि मजदूर हैं। इनका मुख्य खाद्य पदार्थ मक्का है। इनका मुख्य व्यवसाय कृषि और कृषि मजदूरी है। इनकें पसंदीदा खाद्य पदार्थ ज्वार और दाल है। बीड़ी पीना और शराब भी पीना इनके दैनिक जीवन का हिस्सा है। ये अपने भोजन के लिए काफी हद तक वन संसाधनों पर निर्भर रहते हैं और भारी संख्या में मांसाहारी हैं। इसके अतिरिक्त यह कृमादा, महूदा, तीमरू, बोर, बहेदा के बीजों आदि का सेवन करते हैं। गेहूं का आटा तैयार करने के लिए सूखे महूदा के फूलों और एक स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ, जिसे 'पारोरा' कहा जाता हैं का प्रयोग करते हैं ।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए है के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण,

(ii) वन और वन्यजीव,

(iii) कृषि,

(iv) राजस्व,

(v) शहरी विकास,

(vi) पर्यटन,

(vii) ग्रामीण विकास,

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण,

(ix) नगरपालिका,

(x) पंचायती राज, और

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

IndiaCode

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान बागवानी क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों और मानचित्र के समर्थन के साथ भी सीमाकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र के द्वारा समचित विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं को ब्यौरे होगा।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और पैराग्राफ 4 में सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकी अनुकूल विकास के लिए जीवकोपार्जन को सुरक्षित करने के लिए सुनिश्चित किया जा सकेगा।

(8) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह विस्तारी होगी।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कार्यों को करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग.–(क)** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का मुख्य वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

यह कि परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन निगरानी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम तथा केन्द्रीय या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक है जिसमें पारिस्थितिकी पर्यटन में ग्रह वास सम्मिलित है; और

(v) पैराग्राफ 4 के अधीन दिया गया संवर्धित क्रियाकलाप है:

परंतु यह और भी कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अधीन अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.**- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार आंचलिक महायोजना के लिए होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और सैरगाहों का स्थापन केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा:

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और निगरानी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंदर किसी नये होटल या सैरगाह या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.—** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विनियमों को कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ii) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन.-** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

IndiaCode

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-**

(i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) फरवरी, 2016 में जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड) अधिसूचना, 2011एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	वर्णन
(1)	(2)	(3)
	क.प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञा दी होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	बृहत हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।

IndiaCode

6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
8.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और विश्राम स्थलों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के आगे या उसके विस्तार तक, जो भी निकट हो के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर से सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवास्यों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
10.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
11.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
13.	विद्युत और संसूचना टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल बिछाए जाने को प्रोत्साहित किया जाएगा)।
14.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
15.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ विनियमित होंगे।
16.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

indiacode

17.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
19.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुगधशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
20.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण।	उपचारित जल निकायों में बहिर्स्राव के अपशिष्ट जल निस्तारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
21.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
22.	फर्मो, कॉर्पोरेट, कंपनियों और द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के सिवाय।
23.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
24.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
27.	पोलिथीन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	वाणिज्यिक साइन बोर्ड और होर्डिंग्स।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप	
29.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
30.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
31.	सभी क्रियाकलापों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
32.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और ईंधन का उपयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रुप से बढ़ावा दिया जाना है।
34.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	निम्नीकृत भूमि या वन या प्राकृतिक वास का जीर्णोद्धार।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. निगरानी समिति.- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के प्रावधानों के प्रभावी निगरानी के लिए एक निगरानी समिति का इस अधिसूचना के गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

क्र.सं.	**निगरानी समिति का संघटक**	**पद**
1.	कलेक्टर, दहोद और छोटाउदेपुर जिले	अध्यक्ष,पूर्व पदाधिकारी;

2.	गैर-सरकारी संगठनों के या पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत के दो प्रतिनिधि विशिष्ट रूप से पक्षियों के क्षेत्र में वन्यजीव अभयारण्य ।	सदस्य;
3.	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित जैव विविधता में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
4.	प्रतिष्ठित संस्थान या राज्य विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
5.	प्रादेशिक अधिकारी, (जिला-पंचमहल और छोटाउदेपुर), गुजरात राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	सदस्य, पूर्व पदाधिकारी;
6.	सदस्य, राज्य जैव-विविधता बोर्ड	सदस्य;
7.	उप वन संरक्षक, वन्यजीव संभाग, वडोदरा	सदस्य-सचिव।

6. निर्देश–निबंधन:- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और बाद में निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इसके के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इसके पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उप कलक्टर ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) निगरानी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपने क्रियाकलापों की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध V** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/42/2017-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी,वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I क-ख

क. रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

अनुसूची 'क'

सीमा वर्णन – रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा रेखा गडोला ग्राम की सीमा में निर्देशांक उ22⁰ 32' 53.417", पू74⁰ 3' 48.858" के बिंदु के साथ आरंभ होती है। इसके बाद रेखा कोथर, दून ग्राम से होते हुए जाती है और यह की ग्राम सीमा जंमली (जेर) की ओर मुड़ती है। यह मरच्चीपानी ग्राम के उ 22⁰31' 23.300", पू73⁰58' 38.392" से जुड़ती है। सीमा उत्तर पश्चिम की ओर मुड़कर और केवदी-दोबाचापूरा, धोलीसीमेल-लीम्बनी, डूंगरभीन्त-वचलीभीन्त ग्रामों की सीमा से होते हुए जाती है। इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा आड़े- तिरछे ढंग में उत्तर की ओर मुड़कर जीपीएस निर्देशांक उ22⁰28' 12.567", पू73⁰54' 40.334" के बिंदु से होते हुए जाती है। इसके बाद सीमा पुन: पश्चिम की ओर मुड़कर और बाद में लगभग 16.37 किलोमीटर के बाद यह पुन: अम्बलीपानीछोटरा ग्राम सीमा के साथ जीपीएस निर्देशांक उ 22⁰31' 34.916", पू73⁰50' 24.751" के बिंदु से मुड़ती है। सीमा राजस्व ग्रामों छसिया (सदादिया), सगताला, मादव की सीमा से उ 22⁰ 35' 16.111", पू 73⁰54' 46.367" से होते हुए जाती है। इसके बाद यह फंगिया और जमरन ग्रामों की सीमा की ओर मुड़ती है। जीपीएस निर्देशांक उ 22⁰34' 37.566", पू 73⁰58' 23.944" में यह सेवनिया ग्राम की सीमा से उ 22⁰36' 21.559", पू74⁰ 01' 3.334" होते हुए जाती है। इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उ 22⁰36' 23.406", पू 74⁰ 06' 47.808" के अंतर्गत लखनगोजीया, गडवेक, अंनद्रपुरा, पिपरिया ग्राम आते हैं। सीमा ककड्खीला सीमा धानपुर (ककड्खीला) पूर्वी दिशा की ओर लगभग 13.22 किलोमीटर तक जाती है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा वन्यजीव अभयारण्य के उ 22⁰33' 48.831"को छूती है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की कुल सीमा 137.99 किलोमीटर है। बाद में यह मध्य प्रदेश की अंत:राज्यीय सीमा लगती है; इस प्रकार पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार पूर्व, दक्षिण- पूर्व, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम दिशा में शून्य किलोमीटर है। पारिस्थितकी संवेदी जोन के अंतर्गत कुल 32 ग्राम आते हैं। इनमें से 10 ग्राम छोटाउदेपुर जिला में है, 14 ग्राम दहोद जिला, धनपुर तालुका में और 8 ग्राम बरिया तालुका में है ।

अनुसूची 'ख'

उत्तर: मांदुव, फंगीया, जमरान, सेवानीया, लाखना गोजीया, गधावेल, आन्द्रपुरा, पीपेरीया, लीमदी मेंदरी, कंजता, भींदोल, पनाम

पश्चिम: अम्बलीपानीछोटरा, छासीया, सागताला.

दक्षिण: धुवेरा, पीपेरागोट, कुबेरा, उधाल मेहुदा, गदोला, मीथीबोर, मारचीपानी, केवदी, धूलीसीमाल, दूंगरभींत

पूर्व: भानपुर, अलींद्रा, पांम, मध्य प्रदेश सीमा


ख. रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के लिए पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार

भिन्न दिशाओं (किलोमीटर) में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार	दिशाएं	**एन बी एस के केंद्र से (किलोमीटर)**	**एन बी एस की सीमा से (किलोमीटर)**
	उत्तर	5.70	2.92
	उत्तर - पूर्व	8.40	4.77
	पूर्व	0	0
	दक्षिण-पूर्व	0	0

	दक्षिण	0	0
	दक्षिण-पश्चिम	0	0
	पश्चिम	25.85	19.67
	उत्तर-पश्चिम	8.62	2.23
परन्तु यदि संरक्षित क्षेत्र की किसी भी दिशा में **पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा शून्य** हो तो उसका औचित्य।	मध्य प्रदेश राज्य सीमा के कारण पूर्व, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम जोन की दूरी शून्य है।		


उपाबंध- II क

10 किलोमीटर त्रिज्या में भू-निर्देशांकों और भूमि उपयोग पैटर्न के साथ रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र




उपाबंध- II ख

10 किलोमीटर भूमि उपयोग पैटर्न और भू-निर्देशांकों के साथ संरक्षित क्षेत्र के केंद्र से दूरी को दर्शाने और रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध- II ग

रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य गुजरात के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र का उपग्रह चित्र



उपाबंध-III

सारणी क: मानचित्र पर दिखाए गए रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के साथ मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	अक्षांश	देशांतर	निर्देशांक बिंदु
1	22° 33' 49.203" उ	74° 11' 7.873" पू	एस1
2	22° 33' 33.930" उ	74° 11' 20.348" पू	एस 2
3	22° 33' 13.451" उ	74° 11' 17.413" पू	एस 3
4	22° 32' 54.299" उ	74° 10' 13.183" पू	एस 4
5	22° 32' 38.005" उ	74° 9' 52.905" पू	एस 5
6	22° 31' 57.492" उ	74° 9' 14.227" पू	एस 6
7	22° 31' 25.502" उ	74° 9' 4.851" पू	एस 7

8	22° 30' 58.635" उ	74° 9' 17.669" पू	एस 8
9	22° 31' 15.178" उ	74° 8' 14.309" पू	एस 9
10	22° 31' 55.075" उ	74° 7' 4.393" पू	एस10
11	22° 32' 11.580" उ	74° 6' 44.769" पू	एस11
12	22° 31' 44.355" उ	74° 6' 17.083" पू	एस12
13	22° 32' 48.986" उ	74° 4' 56.322" पू	एस13
14	22° 33' 13.000" उ	74° 3' 35.019" पू	एस14
15	22° 33' 53.954" उ	74° 3' 54.474" पू	एस15
16	22° 34' 47.199" उ	74° 3' 52.039" पू	एस16
17	22° 34' 54.189" उ	74° 4' 46.338" पू	एस17
18	22° 34' 44.912" उ	74° 5' 21.492" पू	एस18
19	22° 34' 45.611" उ	74° 6' 33.198" पू	एस19
20	22° 34' 30.747" उ	74° 7' 1.744" पू	एस20
21	22° 34' 27.315" उ	74° 7' 47.634" पू	एस21
22	22° 34' 17.479" उ	74° 8' 26.336" पू	एस22
23	22° 34' 0.794" उ	74° 8' 58.949" पू	एस23
24	22° 33' 52.565" उ	74° 10' 19.282" पू	एस24
25	22° 33' 36.039" उ	74° 10' 55.499" पू	एस25

सारणी ख: मानचित्र पर दिखाए गए रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के साथ मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशां

क्र.सं.	अक्षांश	देशांतर	निर्देशांक बिंदु
1	22° 36' 25.452" उ	74° 6' 46.777" पू	ई 1
2	22° 35' 59.361" उ	74° 7' 47.605" पू	ई 2
3	22° 35' 23.459" उ	74° 9' 1.457" पू	ई 3
4	22° 35' 29.601" उ	74° 10' 42.305" पू	ई 4
5	22° 35' 50.212" उ	74° 12' 4.887" पू	ई 5
6	22° 35' 51.212" उ	74° 12' 43.587" पू	ई 6
7	22° 34' 59.231" उ	74° 12' 45.875" पू	ई 7
8	22° 34' 6.160" उ	74° 12' 35.781" पू	ई 8
9	22° 34' 4.997" उ	74° 11' 31.608" पू	ई 9
10	22° 32' 38.753" उ	74° 2' 31.421" पू	ई 10
11	22° 31' 50.704" उ	74° 1' 35.876" पू	ई 11
12	22° 31' 16.388" उ	74° 0' 14.890" पू	ई 12

IronCode

13	22° 31' 29.530" उ	73° 58' 56.930" पू	ई 13
14	22° 31' 14.479" उ	73° 56' 56.122" पू	ई 14
15	22° 30' 4.220" उ	73° 56' 40.296" पू	ई 15
16	22° 29' 18.128" उ	73° 55' 43.857" पू	ई 16
17	22° 28' 30.599" उ	73° 55' 34.895" पू	ई 17
18	22° 28' 46.909" उ	73° 54' 24.052" पू	ई 18
19	22° 30' 29.905" उ	73° 54' 24.656" पू	ई 19
20	22° 30' 10.285" उ	73° 52' 44.067" पू	ई 20
21	22° 30' 33.838" उ	73° 51' 14.802" पू	ई 21
22	22° 31' 34.916" उ	73° 50' 24.751" पू	ई 22
23	22° 31' 58.283" उ	73° 51' 17.810" पू	ई 23
24	22° 32' 55.163" उ	73° 52' 15.089" पू	ई 24
25	22° 33' 32.856" उ	73° 52' 42.684" पू	ई 25
26	22° 34' 31.118" उ	73° 54' 12.624" पू	ई 26
27	22° 35' 27.562" उ	73° 55' 5.602" पू	ई 27
28	22° 34' 48.282" उ	73° 56' 26.364" पू	ई 28
29	22° 34' 27.469" उ	73° 58' 13.485" पू	ई 29
30	22° 35' 57.970" उ	73° 57' 28.160" पू	ई 30
31	22° 35' 58.442" उ	73° 58' 59.062" पू	ई 31
32	22° 36' 14.016" उ	74° 0' 5.530" पू	ई 32
33	22° 35' 52.172" उ	74° 1' 30.573" पू	ई 33
34	22° 35' 15.184" उ	74° 2' 47.964" पू	ई 34
35	22° 35' 54.284" उ	74° 3' 33.862" पू	ई 35
36	22° 35' 29.918" उ	74° 5' 12.564" पू	ई 36
37	22° 36' 3.721" उ	74° 6' 2.094" पू	ई 37

उपाबंध- IV

मुख्य सीमों के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं	ग्राम नाम	ग्राम के प्रकार	तहसील/ तालुका	जिला	अक्षांश (उ) (डीएमएस प्रारूप)	देशांतर(पू) (डीएमएस प्रारूप)
1	गदोला	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	74°30'.20"पू	22°34'30"उ
2	केवाडी	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	73°57'.04"पू	22°32'20"उ
3	धूलीसिमाल	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	73°56'.16"पू	22°31'10"उ
4	धूंगरभीट	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	73°56'.00"पू	22°29'45"उ
5	धोरकुवा	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	74°10'.50"पू	22°34'00"उ

Initial Issue

क्र.सं	ग्राम नाम	ग्राम के प्रकार	तहसील/ तालुका	जिला	अक्षांश (उ) (डीएमएस प्रारूप)	देशांतर(पू) (डीएमएस प्रारूप)
6	रीछावेल	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	74°10'.05"पू	22°34'02"उ
7	काकाल्खुर्द	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	74°05'.00"पू	22°33'10"उ
8	मीथीबोर पीटी.	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	74°10'.30"पू	22°33'20"उ
9	मारचीपानी	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	73°58'.00"पू	22°31'05"उ
10	सिंगाल्जा	संपूर्ण ग्राम	छोटाउदेपुर	छोटाउदेपुर	74°10'.05"पू	22°34'10"उ
11	पंम पीटी	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°11'.00"पू	22°35'10"उ
12	भींदोल पीटी	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°90'.00"पू	22°30'20"उ
13	भानपुर	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°11'.10"पू	22°35'05"उ
14	लिमदीमेंदरी	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°50'.30"पू	22°35'45"उ
15	पीपरीअ	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°50'.45"पू	22°36'05"उ
16	अंदारपुरा	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°40'.20"पू	22°34'10"उ
17	कंजात पीटी.	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°08'.05"पू	22°35'10"उ
18	गुमली	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°40'.30"पू	22°30'15"उ
19	उधाल महुदा	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°3'.855"पू	22°33'25"उ
20	पीपरगोट	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°8'.002"पू	22°32'42"उ
21	भुवेरो	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°8'.426"पू	22°31'62"उ
22	अलींदरा	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°9'.214"पू	22°32'62"उ
23	गधवेल	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°30'.05"पू	22°35'00"उ
24	लखंगोजीया	संपूर्ण ग्राम	धानपुर	दहोद	74°20'.30"पू	22°36'20"उ

IndiaCode

क्र.सं	ग्राम नाम	ग्राम के प्रकार	तहसील/ तालुका	जिला	अक्षांश (उ) (डीएमएस प्रारूप)	देशांतर(पू) (डीएमएस प्रारूप)
25	मांदव	संपूर्ण ग्राम	बरीआ	दहोद	73°56'.04"पू	22°34'45"उ
26	दीवीया	संपूर्ण ग्राम	बरीआ	दहोद	73°57'.01"पू	22°33'00"उ
27	छासीयासादडीया	संपूर्ण ग्राम	बरीआ	दहोद	73°54'.00"पू	22°31'00"उ
28	अमलीपानीछोतरा	संपूर्ण ग्राम	बरीआ	दहोद	73°55'.01"पू	22°33'00"उ
29	सागताला	संपूर्ण ग्राम	बरीआ	दहोद	73°55'.00"पू	22°34'01"उ
30	फनगीया	संपूर्ण ग्राम	बरीआ	दहोद	73°58'.00"पू	22°34'01"उ
31	सेवानीया	सर्वेक्षण सं. 123, 158, 208 और पृथक दक्षिणी पैच (9.85 हेक्टेयर) के अलावा संपूर्ण वन क्षेत्र में सर्वेक्षण सं. 428/1 के उत्तरी पैच (123.22 हेक्टेयर)।	बरीआ	दहोद	73°59'.10"पू	22°35'00"उ
32	जमरान	संपूर्ण ग्राम	बरीआ	दहोद	73°58'.10"पू	22°34'10"उ

उपाबंध V

कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट का प्रपत्र :

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का उल्लेख करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक उपाबंध में उपाबद्ध करें) ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश । (ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सारांश। (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।

IndiaCode

6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश ।(ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।

7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 29th January, 2019

S.O. 549(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 3574(E), dated the 9th November, 2017, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 10th November, 2017;

AND WHEREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, Ratanmahal Wildlife Sanctuary is spread over an area of 55.65 square kilometers and situated in Dhanpur Taluka of Dahod District in the State of Gujarat;

AND WHEREAS, Ratanmahal Wildlife Sanctuary was given the status of Sanctuary with effect from the 19th March, 1982. The Sanctuary area is situated in the eastern part of Gujarat along Gujarat-Madhya Pradesh border, the area consists of the northern most part of the picturesque Vindhya hill series. It forms a contiguous tract with the forests of Alirajpur district in Madhya Pradesh in the South east and on the North lies forest area of Baria Forest Division;

AND WHEREAS, the major vegetation found in and around Ratanmahal Wildlife Sanctuary is teak (*Tectona grandis),* bandaro (*Lagerstroemia parviflora),* sadad (*Terminalia crenulata*), timru (*Diospyros melanoxylon),* cholimbo (*Casearia graveolens),* umbh (*Miliusa tomentosa),* dhavado (*Anogeissus latifolia),* kalam (*Mitragyna parvifolia*), patarali (*Dalbergia paniculata),* bhutzad (*Cassine glauca*), etc. The major fauna recorded from Ratanmahal Wildlife Sanctuary are leopard (*Panthera pardus),* sloth bear (*Melursus ursinus),* nilgai or bluebull (*Boselaphus tragocamelus),* four-horned antelope (*Tetracerus quadricornis),* striped hyena (*Hyaena hyaena*) etc. While, grey francolin (*Francolinus pondicerianus*), red spurfowl (*Galloperdix spadicea),* grey junglefowl (*Gallus sonneratii),* Indian peafowl (*Pavo cristatus)*, etc are the important bird species of the sanctuary;

AND WHEREAS, the Ratanmahal Wildlife Sanctuary and its Eco-sensitive Zone forest area is a treasure of genetic biodiversity-rich species of both flora and fauna. Pristine beauty and rugged topography gives the visitors a sense of solitude and peace. It is home to the sloth bear (*Melursus ursinus*) one of the four species found only in India, the place being a typical sloth bear area;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of Ratanmahal Wildlife Sanctuary which are specified in paragraph 1 as Eco-sensitive Zone from ecological, environmental and biodiversity point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

